पाठ १५ होली

कहानी का सारांश

इस कविता में होली के त्योहार का आनंद और उत्साह का वर्णन किया गया है। कविता के अनुसार, होली एक रंगों का त्योहार है, जिसे सभी लोग बहुत खुशी से मनाते हैं। इस दिन लोग ढोल-नगाड़े बजाकर होली के गीत गाते हैं और एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाते हैं। बच्चे और बूढ़े सभी इस त्योहार में शामिल होते हैं और खुशी मनाते हैं।

कविता में होली के त्योहार के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया है। कवि कहता है कि होली का त्योहार प्रेम, भाईचारे और एकता का प्रतीक है। इस दिन सभी लोग एक-दूसरे को गले लगाते हैं और भूल जाते हैं कि उनके बीच कोई भेदभाव है।

संदेश:- होली का त्योहार लोगों को एकजुट करता है और उन्हें प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है।

शब्दार्थ:

- रंग-रंगीली: रंगों से भरी हुई
- भायी: पसंद आई
- मित्र: दोस्त
- टोली: समूह,मंडली
- मिलकर: एक साथ
- पुए: एक प्रकार की मिठाई
- पकवान: खाने की चीजें
- संदेश : पैग़ाम, समाचार, विचार

प्रश्न-अभ्यास

बातचीत के लिए

1. आप होली पर क्या-क्या करते हैं?

उत्तर:- हम एक-दूसरे को रंग लगाते हैं और मिठाई खाते हैं।

2. आप कौन-कौन से त्योहार मनाते हैं?

उत्तर:- हम होली, दीपावली, दशहरा, मकरसंक्रांति, आदि त्यौहार मनाते हैं।

3. वे त्योहार आप कैसे मनाते हैं?

उत्तर:- हम प्रत्येक त्योहार को अपने परिवार और दोस्तों के साथ मिलकरमनाते हैं।

4. छोटे समूह में अपने मित्रों के साथ मिलकर इन प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

(i) कविता में किस त्योहार की बात की गई है?

उत्तर:- होली

(ii) कविता में खाने की कौन-सी वस्तुओं के नाम हैं?

उत्तर:- पुए

(iii) कविता में से शब्द खोजकर लिखिए –

शब्दों का खेल

1. दिए गए शब्दों को पढ़िए। पहली ध्वनि पहचानिए। अलग ध्वनि से शुरू होने वाले शब्द पर गोला बनाइए –

उत्तर:-

2. नीचे दिए गए शब्दों को लिखिए –

एक	**एड़ी**	**एकता**	**केला**
ऐसा	**ऐसे**	**ऐनक**	**थैला**

उत्तर:-

एक	एड़ी	एकता	केला
ऐसा	ऐसे	ऐनक	थैला

3. नीचे दिए चित्रों के नाम बताइए –

4. नीचे दिए शब्दों में 'ओ' (ो) या 'औ' (ौ) की मात्रा लगाकर शब्द लिखिए –